भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 462

गुरूवार, 28 नवम्बर, 2024/7 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशी पर्यटन को बढ़ाने के लिए अपनाए गए उपाय

462 श्रीमती किरण चौधरी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि विदेशी पर्यटकों के आगमन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह भी सच है कि विदेशी पर्यटन में वृद्धि के कारण विदेशी मुद्रा अर्जन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है;

(ग) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान ऐसी वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने साहसिक और विशिष्ट पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): जी हां। आप्रवासन ब्यूरो के आँकड़ों के अनुसार, भारत ने वर्ष 2023 में 9.52 मिलियन विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) दर्ज किया, जो वर्ष 2022 की तुलना में 47.9% की वृद्धि को दर्शाता है। इसके अलावा, पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय में पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2023 में 36.5% की बढ़ोत्तरी हुई। जिसका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ) और (ङ): पर्यटन मंत्रालय ने विभिन्न विशिष्ट पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए साहसिक पर्यटन, एमआईसीई पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन, ग्रामीण होमस्टे, इको-पर्यटन, सतत पर्यटन और चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीतियां तैयार की हैं।

देश में साहसिक पर्यटन के विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से, साहसिक पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की गई है। सतत पर्यटन, साहसिक पर्यटन और इको-पर्यटन के विकास के लिए निम्नलिखित कार्यनीतिक स्तंभों की पहचान की गई है:-

(i) राज्य का आकलन, रैंकिंग और कार्यनीति

(ii) कौशल, क्षमता निर्माण और प्रमाणन

(iii) विपणन और संवर्धन

(iv) साहसिक पर्यटन सुरक्षा प्रबंधन ढांचे का सुदृढ़ीकरण

(v) राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय बचाव और संचार ग्रिड

(vi) गंतव्य और उत्पाद विकास

(vii) शासन और संस्थागत ढांचा

******

अनुबंध

श्रीमती किरण चौधरी द्वारा विदेशी पर्यटन को बढ़ाने के लिए अपनाए गए उपाय के संबंध में दिनांक 28.11.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 462 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

भारत में वर्ष 2022-2024 (अगस्त तक) के दौरान विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए):

माह	**एफटीए**			**वृद्धि दर (%)**	
	2022	**2023**	**2024 @**	**2023/22**	**2024/23 @**
जनवरी	2,15,935	8,91,084	9,58,733	312.7	7.6
फ़रवरी	2,54,538	8,93,352	10,02,664	251.0	12.2
मार्च	3,58,023	8,24,549	8,59,688	130.3	4.3
अप्रैल	4,11,010	6,25,772	6,50,748	52.3	4.0
मई	4,45,690	6,18,086	6,00,496	38.7	-2.8
जून	5,47,074	6,67,720	7,06,045	22.1	5.7
जुलाई	6,69,499	7,86,486	7,76,110	17.5	-1.3
अगस्त	5,24,756	6,64,155	6,36,277	26.6	-4.2
सितंबर	5,51,580	6,66,946	-	20.9	-
अक्टूबर	6,77,055	8,32,233	-	22.9	-
नवंबर	7,89,330	9,48,631	-	20.2	-
दिसंबर	9,92,977	11,01,914	-	11.0	-
कुल (जनवरी-अगस्त)	**34,26,525**	**59,71,204**	**61,90,761**	**74.3**	**3.7**
कुल (जनवरी-दिसंबर)	**64,37,467**	**95,20,928**	**-**	**47.9**	**-**

@: अनंतिम

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

वर्ष 2022-2024 (अगस्त तक) के दौरान पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय (एफईई):

माह	**एफईई (करोड़ रु. में)**			**वृद्धि दर (%)**	
	2022	**2023 #1**	**2024 #1**	**2023/22 #1**	**2024/23 #1**
जनवरी	5,406	18,492	24,897	242.06	34.64
फ़रवरी	6,371	18,435	24,927	189.36	35.22
मार्च	8,963	16,903	22,866	88.59	35.28
अप्रैल	10,634	17,405	17,962	63.67	3.20
मई	11,531	17,206	17,758	49.22	3.21
जून	14,155	18,737	19,217	32.37	2.56
जुलाई	17,671	22,261	23,654	25.97	6.26
अगस्त	13,851	18,687	20,006	34.91	7.06

सितंबर	14,559	18,534	-	27.30	-
अक्टूबर	18,383	19,008	-	3.40	-
नवंबर	21,432	21,552	-	0.56	-
दिसंबर	26,961	24,707	-	-8.36	-
कुल (जनवरी-अगस्त)	**88,582**	**1,48,126**	**1,71,287**	**67.22**	**15.64**
कुल (जनवरी-दिसंबर)	**1,69,917**	**2,31,927**	**-**	**36.49**	**-**

#1: अनंतिम अनुमान

****